भर्ती हेतु सूचना

वरिष्ठ परामर्शदाता (सिविल इंजीनियरिंग) - 2 पद

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

योग्यता:

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक उपाधि।

न्यूनतम अनुभव: 12 वर्ष

सिविल या तत्संबंधी कार्यों के नियोजन, निविदा प्रक्रिया, निष्पादन और संविदा प्रबंध का सुसंगत अनुभव। केंद्रीय सरकार की सिविल विनिर्माण परियोजनाओं/कें.लो. निर्माण विभाग प्रक्रियाओं/जीएफआर/परियोजना संबंधी सरकारी प्रक्रियाओं का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

आयु सीमा: अधिकतम 65 वर्ष

कर्तव्य:

१. मंत्रालय में प्राप्त संकल्पना योजना (योजनाओं)/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (रिपोटों) का परीक्षण/ समीक्षा करना और आवश्यक सुझाव/सिफारिशें/सलाह देना।
२. सिविल एवं संबद्ध कार्यों के निविदा दस्तावेज (दस्तावेजों) का परीक्षण/समीक्षा करना और सलाह देना।
३. पीएमएसएसवाई परियोजनाओं/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सिविल एवं संबद्ध कार्यों से संबंधित और कार्यान्वयन के दौरान उठने वाले सभी तकनीकी मुद्दों का परीक्षण करना, और सलाह देना।
४. विनिर्देशन का मूल्यांकन और गुणवत्ता आश्वासन में सहायता करना।।
५. पीएमएसएसवाई प्रभाग द्वारा सौंपे गए सभी कार्य करना।।
६. संयुक्त सचिव (पीएमएसएसवाई) द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

पारिश्रमिक: वरिष्ठ परामर्शदाता (सिविल इंजीनियरिंग) को Rs.80,000/- प्रतिमाह का समेकित पारिश्रमिक देय होगा। एक वर्ष से अधिक के लिए नियुक्त किए गए परामर्शदाता के लिए पारिश्रमिक में वृद्धि मंत्रालय की मौजूदा नीति के अनुसार देय होगी।

संविदा की आरंभिक अवधि: 11 महीने - मंत्रालय के विवेकानुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

आवेदन कैसे करें: कैंडिडेट्स को अनुरोध किया जाता हैं के वह निर्धारित आबेदन पत्र को डाउनलोड करे और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र के ई.मेल pmssy.recruitment@nhsrcindia.org में दिनांक **10-Nov-2016** को अपराह्न्न **4** बजे तक अवश्य भेज दे। केवल निर्धारित ToR के साथ संलग्न आवेदन पत्र में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।